प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

2 मई 2025

## डॉ. पूनम गुप्ता ने भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया



डॉ. पूनम गुप्ता ने आज भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। भारत सरकार ने 2 अप्रैल 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए उप गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था।

उप गवर्नर के रूप में डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, कॉर्पोरेट कार्यनीति और बजट विभाग तथा संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी।

इस नियुक्ति से ठीक पहले, डॉ. गुप्ता, राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) की महानिदेशक के रूप में कार्यरत थीं और आर्थिक संवृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचा, केंद्रीय बैंकिंग, समष्टि आर्थिक स्थिरता, लोक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर कार्य का नेतृत्व करती थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य तथा 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में भी कार्य किया।

एनसीएईआर में शामिल होने से पहले डॉ. गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में लगभग दो दशकों तक वरिष्ठ पदों पर कार्य किया था। डॉ. गुप्ता ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड (यूएसए) में भी अध्यापन कार्य किया और भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), दिल्ली में अतिथि संकाय (विजिटिंग फैकल्टी) के रूप में कार्य किया। वह नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) में आरबीआई चेयर प्रोफेसर और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकनोमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) में प्रोफेसर रह चुकी हैं।

डॉ. गुप्ता ने विभिन्न शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और एक संपादित पुस्तक “इमर्जिंग जायंट्स: चाइना एंड इंडिया इन द वर्ल्ड इकोनॉमी” भी उनके नाम है।

डॉ. गुप्ता ने अमेरिका के मैरीलैंड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री और पीएचडी की है, तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है।

**(पुनीत पंचोली)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/235**

मुख्य महाप्रबंधक